# प्रेस नोट
## थाना मोठ, जनपद झांसी

**दिनाँक 13.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई,**
- **थाना मोठ पुलिस द्वारा लूटी की झूठी सूचना देने का आरोपी गिरफ्तार।**
- **आरोपी को मा0 न्यायालय के समक्ष किया गया पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में दिनांक 12.08.2026 को पीआरवी 7399 पर इवेंट संख्या 26878 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मिडलैण्ड माइक्रो फाइनेंस में कार्यरत विकास कुमार पुत्र श्री भानुप्रताप, निवासी ग्राम कैथेरी, कोतवाली उरई, जनपद जालौन, उम्र करीब 21 वर्ष के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर ₹35,700/- एवं मोबाइल लूट लिया गया है। सूचना पर थाना मोंठ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जाँच की गई। पूछताछ में विकास कुमार का व्यवहार संदिग्ध पाए जाने पर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह 15.07.2026 से 12.08.2026 तक कुल ₹2,10,386/- ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर हार चुका है तथा माइक्रो फाइनेंस कंपनी के ₹35,700/- भी ऑनलाइन गेम में हार गया था। उक्त धनराशि वापस न करनी पड़े, इस कारण उसके द्वारा लूट की झूठी कहानी रची गई। मोबाइल की जाँच से भी ऑनलाइन गेमिंग में धनराशि हारने की पुष्टि हुई। विकास कुमार को थाने लाकर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी का विवरणः–**

1. विकास कुमार पुत्र श्री भानुप्रताप निवासी ग्राम कैथेरी कोतवाली उरई जिला जालौन उम्र करीब 21 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1.उ0नि0 रजनीकांत थाना मोठ जनपद झाँसी।

2. हे0का0 दीप तिवारी थाना मोठ जनपद झाँसी।

3. का0 राहुल यादव थाना मोठ जनपद झाँसी।